# इन्फ्रा में 111 लाख करोड़ निवेश के लिए बनेगा वित्त विकास संस्थान

नई दिल्ली। बुनियादी क्षेत्र में 111 लाख करोड़ की महात्वाकांक्षी योजना को पूरा करने के लिए सरकार वित्त विकास संस्थान (डीएफआई) का गठन करेगी। वित्त सेवा सचिव देबाशीष पांडा ने मंगलवार को बताया कि नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन में फंड के लेनदेन के लिए डीएफआई बनाया जाएगा।

पांडा ने कहा, बैंक अभी इन्फ्रा परियोजनाओं को आसानी से कर्ज मुहैया कराने से कतरा रहे हैं। ऐसे में परियोजनाओं के सामने पूंजी संकट आ रहा है। आलम ये है कि एक साल में लंबी अवधि वाले प्रोजेक्ट



## वित्त सेवा सचिव ने कहा, 3-4 महीने में पूरा हो जाएगा गठन

को बैंकों से नकदी नहीं मिल सकी है। इससे निपटने को ही डीएफआई स्थापित किया जाएगा। इसके जरिये न सिर्फ प्रोजेक्ट को आसानी से फंड मुहैया कराया जा सकेगा, बल्कि उनकी क्रेडिट रेटिंग बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। एजेंसी